उज्जैन
मंगलवार
14
जुलाई, 2026
वर्ष-12
अंक-251
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ पोस्टल असिस्टेंट को मारने पति ने मंगाया था 7 लेयर वाला चाकू
7 ▸ सिनर ने लगातार दूसरी बार विंबलडन जीता




## खरीद का पेटर्न बदला: 10 लाख करोड़ के हथियारों की खरीद

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा खरीद का पैटर्न तेजी से बदला है। पिछले 14 महीनों में मंजूर रिकॉर्ड प्रस्तावों से संकेत मिलता है कि सेनाओं को अब सिर्फ सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और बहुस्तरीय जंग के लिए तैयार किया जा रहा है। डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने संघर्ष के बाद से 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। यह रकम एक साथ खर्च नहीं होगी, बल्कि कई वर्षों में अलग-अलग सौदों, निर्माण कार्यक्रमों और आधुनिकीकरण योजनाओं पर लगेगी। तैयारी की पहली वजह ये है कि युद्ध छिड़ना अब सामान्य बात होती जा रही है। दूसरे, जंग छिड़ने के बाद उसे रोकना आसान नहीं रह गया है और तीसरी बात दुश्मन की कोशिश यह होती है कि लंबी और आर्थिक रुप से चोट पहुंचाने वाले सैन्य संघर्ष को जारी रखा जाए। वहीं, नए प्रस्ताव में लक्ष्य महीनों तक हथियार, मरम्मत और रसद बनाए रखना है।

## तेलंगाना में 6 लोगों का फरार हत्यारा मृत मिला

**रंगारेड्डी।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में छह लोगों की हत्या के मामले का मुख्य आरोपी पी राजकुमार सोमवार को मृत मिला। पुलिस को उसका शव कोठूर थाना क्षेत्र में मिला है। शव के पास कीटनाशक की एक बोतल भी बरामद हुई है। पुलिस को आशंका है कि उसने जहर खाकर आत्महत्या की है। हालांकि, मौत के सही कारण की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। राजकुमार के खिलाफ मई महीने में एक नाबालिग लड़की को परेशान करने के आरोप में पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसी का बदला लेने के लिए 10 जुलाई की रात उसने पीड़िता, उसकी दादी-नानी और अपनी पत्नी और दो बेटों को मौत के घाट उतार दिया था। हत्या के बाद से ही फरार था।

## पब्लिक प्लेस पर पोर्न देखने पर रोक की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पब्लिक प्लेस पर पोर्नोग्राफी देखने पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि यह कानून का नहीं बल्कि पॉलिसी का मामला है। इस पर फैसला केंद्र सरकार और विषय विशेषज्ञों को करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा निश्चित रूप से अहम है, लेकिन इसमें ऐसा कोई कानूनी प्रश्न नहीं है जिस पर कोर्ट को विचार करना पड़े। यह तकनीकी विकास और विशेषज्ञों की स्टडी से जुड़ा नीतिगत विषय है, जो मुख्य रूप से सूचना मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहन की बेंच ने याचिकाकर्ता को केंद्र सरकार के सामने अपनी बात रखने की सलाह दी।

## बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी- मुख्य आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** बद्रीनाथ में चढ़ावा चोरी के मामले में गिरफ्तार बीकेटीसी के निलंबित पर्सनल असिस्टेंट प्रमोद नौटियाल को सोमवार को जोशीमठ की सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एवं प्रभारी न्यायिक मजिस्ट्रेट हिना कौसर की अदालत में पेश किया गया। न्यायालय में विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इससे पहले चमोली पुलिस की एसआईटी ने 12 जुलाई की रात करीब 10 बजे देहरादून के नेहरू कॉलोनी स्थित उनके आवास से प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार किया था। उन्हें चमोली लाकर बद्रीनाथ थाने में उनसे और मंदिर समिति के चार कर्मचारियों से पूछताछ की गई। पुलिस मामले में मनी ट्रेल समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

## बैंकॉक के बार में आग, 27 मौतें: 60 से ज्यादा लोग घायल

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में रविवार देर रात एक बार में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 63 लोग घायल हो गए। थाई अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की वजह बिजली के सिस्टम में खराबी हो सकती है। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आग लगने की वजह की जांच अभी जारी है। फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट ने कहा कि उन्हें रात 12 बजे आग लगने की सूचना मिली। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक इमारत का बड़ा हिस्सा जल चुका था। घटनास्थल पर मौजूद एक म्यूजीशियन ने बताया कि बिजली जाने से कुछ देर पहले मंच के पास लगे सर्किट ब्रेकर से धुआं निकलता दिखाई दिया था। इसके बाद एक धमाके की आवाज आई और देखते ही देखते पूरे पब में धुआं भर गया।

# एम्स की तकनीकी विशेषज्ञता से बदलेगी मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर

### उज्जैन जिले के दूरदराज गांवों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण, कुपोषण की पहचान और उपचार होगा अधिक प्रभावी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल के बीच होने वाले समझौता ज्ञापन (एमओयू) का लाभ पूरे प्रदेश के साथ-साथ उज्जैन जिले के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों को भी मिलेगा। इस पहल से जिले की आंगनवाड़ी कार्यकताओं को अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया ने विभागीय अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक में एम्स भोपाल के साथ एमओयू को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकताओं और फ्रंटलाइन वर्कर्स को गंभीर कुपोषण की समय पर पहचान, बच्चों के स्वास्थ्य मूल्यांकन तथा आवश्यक उपचार एवं रेफरल प्रक्रिया का विशेष क्लिनिकल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल का लाभ उज्जैन जिले के ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद कार्यकर्ता बच्चों में कुपोषण की प्रारंभिक पहचान अधिक सटीकता से कर सकेंगी, जिससे समय पर उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना आसान होगा। साथ ही गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी तथा पोषण संबंधी परामर्श को भी अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।




### उल्लेखनीय सुधार आने की उम्मीद

महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार इस पहल से उज्जैन सहित पूरे प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आने की उम्मीद है। विशेष रूप से दूरदराज के गांवों में रहने वाले बच्चों और महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण परामर्श तथा उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सकेगी। इससे कुपोषण की रोकथाम और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की संभावना है।

### ऑस्ट्रेलिया में मोदी के कार्यक्रम पर विवाद: आयोजकों ने कहा-

# पैसे देकर लोगों को नहीं बुलाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेलबर्न में हुए 'मेलबर्न मीट्स मोदी' कार्यक्रम पर आयोजकों ने कहा कि इस कार्यक्रम में आने के लिए लोगों को पैसे नहीं दिए गए थे।

इससे पहले कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए आरोप लगाया था कि 9 जुलाई को हुए इस कार्यक्रम में लोगों को पैसे देकर चार्टर्ड प्लेन से बुलाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्यक्रम के आयोजकों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लेटर लिखकर माफी और बयान वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय का अपमान है। इसका खर्च इखढ, भारत सरकार या ऑस्ट्रेलिया सरकार ने नहीं उठाया।




### कांग्रेस ने कहा था कि मोदी के स्वागत के लिए भाड़े.के टफ्कलाए गए

11 जुलाई को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा समेत कांग्रेस के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी के कार्यक्रम एक एक वीडियो शेयर कर लिखा था कि मोदी के स्वागत के लिए भाड़े पर टफ्कलाए गए हैं। वहीं, 25-30 हजार लोगों को पैसे देकर यहां बुलाया गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आयोजकों का कहना है कि चार्टर्ड फ्लाइट की व्यवस्था के लिए महीनों तक योजना बनाई गई। इसके लिए बातचीत, यात्रियों का समन्वय और प्रशासनिक काम किए गए। कई स्वयंसेवकों ने अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका छोड़ा, अपने कारोबार और पेशेवर जिम्मेदारियों से समय निकाला, व्यक्तिगत आर्थिक जोखिम उठाया और इस पहल को सफल बनाने के लिए लगातार काम किया। आयोजकों ने कहा कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री मोदी और इखढ की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन भारत के प्रवासी समुदाय की लोकतांत्रिक पसंद को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।

# राजस्थान-एमपी में अगले 7 दिन बारिश के आसार कम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश के बड़े हिस्से में मानसून ने ब्रेक ले लिया है। मौसम विभाग के मुताबिक 6-7 दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य और दक्षिण भारत के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार कम हैं। हालांकि, पूर्वोत्तर, बिहार और पश्चिम बंगाल में भारी से बहुत भारी बारिश जारी रहेगी।

मानसून ट्रफ हिमालय की तलहटी की ओर खिसक गई है। इससे राजस्थान, गुजरात, एमपी, दिल्ली में सूखी हवाएं चल रही हैं। हवा में मौजूद नमी की वजह से हफ्तेभर तक उमस सताएगी। कई शहरों में तापमान 32 से 37 डिग्री सेल्सियस होने के बावजूद ह्यफील लाइकह्न (महसूस होने वाला) तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

**तापमान 35 डिग्री से ज्यादा; अरुणाचल में बादल फटा; चीन सीमा पर आईटीपीबी के 15 जवान फंसे**

इधर पूर्वोत्तर में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिहार, असम, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल में लैंड स्लाइड और बाढ़ की खबरें सामने आ रही हैं। सोमवार को अरुणाचल के कुरुंग कुमे जिले में कुमे नदी में बाढ़ के बाद भारत-चीन सीमा (एलएसी) के पास टापा बॉर्डर आउटपोस्ट पर तैनात क्ळइढ के 15 जवानों से संपर्क टूट गया। असम के टियोक में पुथी नदी ने एक तटबंध तोड़ दिया।

# बंगाल की खाड़ी में 9 मछुआरों के शव मिले

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के पास बंगाल की खाड़ी में डूबे एक ट्रॉलर से आठ दिन बाद नौ मछुआरों के शव बरामद किए गए हैं। छह मछुआरे अब भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। 'जय मां काली' नाम का ट्रॉलर 2 जुलाई को पूर्व मेदिनीपुर जिले के शंकरपुर मछली बंदरगाह से 15 मछुआरों को लेकर समुद्र में मछली पकड़ने निकला था। 6 जुलाई के बाद ट्रॉलर से संपर्क टूट गया था।

अधिकारी ने बताया कि समुद्र में कई दिन रहने के कारण शव बुरी तरह सड़ चुके हैं और उनकी पहचान करना मुश्किल है। अब उनकी पहचान डीएनए जांच के बाद ही हो सकेगी।

पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो-दो लाख रुपये की सहायता देने का ऐलान किया है। जिला प्रशासन के मुताबिक, पुलिस और भारतीय तटरक्षक बल ने आठ दिन की तलाश के बाद शनिवार को बक्खाली तट से करीब 35 किलोमीटर दूर बाघेर चार के पास डूबे ट्रॉलर का पता लगाया।

रविवार को कई मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों की मदद से इसे पाथरप्रतिमा के सीतारामपुर तट तक लाया गया। इसके बाद पूरी रात चले राहत अभियान में ट्रॉलर के अंदर से नौ मछुआरों के शव निकाले गए। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि बंगाल की खाड़ी में खराब मौसम के कारण ट्रॉलर पलट गया होगा। हालांकि, हादसे की असली वजह जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगी।

# डॉक्टर की सैलरी 20 हजार, इतनी ही सफाईकर्मी की

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बोला- 66% डॉक्टर की हालत बंधुआ मजदूरों जैसी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिरुवनंतपुरम**

केरलम का मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर देश में सबसे मजबूत माना जाता है, लेकिन वहां डॉक्टरों को दिक्कत हो रही है। निजी अस्पतालों में एक एमबीबीएस जूनियर डॉक्टर 12 से 24 घंटे की ड्यूटी के बदले महज ?20 हजार कमा पा रहा है। यह वेतन सफाईकर्मी के बराबर है।

दरअसल, केरलम हर साल 7 हजार से ज्यादा डॉक्टर तैयार कर रहा है, जबकि जरूरत 600 से 700 की है। हेल्थकेयर में इसे 'ओवरफ्लडिंग' कहते हैं। राज्य में इतने डॉक्टरों को सरकारी अस्पतालों में एडजस्ट करने की व्यवस्था ढह चुकी है। इसलिए कई जूनियर डॉक्टर या तो बेरोजगार हैं या निजी अस्पतालों में सफाईकर्मियों के बराबर वेतन पर नौकरी कर रहे हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने सर्वे में बताया था कि केरलम के 82% डॉक्टरों को गलत वेतन मिल रहा है।

### 24 घंटे काम, पर वेतन बहुत कम

तिरुवनंतपुरम की 26 वर्षीय डॉ. श्री लक्ष्मी से बात की। उन्होंने बताया कि सरकारी कॉलेज में सीट न मिलने पर प्राइवेट सेल्फ-फाइनेंस कॉलेज से 1 करोड़ से अधिक खर्च कर एमबीबीएस किया। डिग्री के बाद एक प्राइवेट अस्पताल में 2 साल जूनियर डॉक्टर के रूप में काम किया। उस समय हर दिन 12 से 24 घंटे काम करने के बदले सिर्फ 20,000 रु. महीना मिलता था। मानसिक और शारीरिक शोषण से तंग आकर नौकरी छोड़ दी। विडंबना देखिए कि मेरे इस्तीफे के तुरंत बाद उस कम वेतन वाली नौकरी के लिए भी सैकड़ों डॉक्टरों की कतार लग गई। कोच्चि की 28 साल की डॉ. देविका कहती हैं कि नीट में बेहतरीन स्कोर के दम पर सरकारी मेडिकल कॉलेज में सीट मिली। एमबीबीएस के बाद 4 साल पीजी की तैयारी की, लेकिन सफल नहीं हुई। स्पेशलाइजेशन के बिना करियर टिकना मुश्किल है, इसलिए मैंने सरकार के फैमिली हेल्थ सेंटर में 56 हजार रु. की 'अस्थायी' नौकरी जॉइन की।

### होर्मुज में टैंकर पर हमले में एक भारतीय की मौत

# अमेरिका ने लगातार ईरान पर हमले किए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

होर्मुज स्ट्रेट में हालिया हमलों में एक भारतीय क्रू मेंबर की मौत हो गई है। वअए के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक होर्मुज में ओमान के समुद्री क्षेत्र के पास उसके दो तेल टैंकरों पर ईरान की दो क्रूज मिसाइलों से हमला किया गया है। मोंबासा और अल बहिया नाम के टैंकरों पर हुए इस हमले में 8 लोग भी घायल हुए हैं। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि सोमवार को ईरान पर लगातार तीसरी रात हवाई हमले किए गए। इन हमलों का उद्देश्य ईरानी सैन्य क्षमताओं को भारी नुकसान पहुंचाना और होर्मुज स्ट्रेट में आम नागरिकों और कॉमर्शियल जहाजों पर हमले करने की उसकी क्षमता को कमजोर करना है। साथ ही, केंटकाम ने कहा है कि मंगलवार से अमेरिकी नौसेना ईरानी बंदरगाहों में आने-जाने वाले समुद्री यातायात की नाकाबंदी फिर शुरू करेगा। जो जहाज इस नाकाबंदी का उल्लंघन नहीं करेंगे, उनके लिए क्षेत्रीय समुद्री मार्गों पर आवाजाही जारी रहेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि हालिया अमेरिकी हमलों के बाद ईरान की सैन्य ताकत काफी हद तक खत्म हो गई है और देश स्टोन एज जैसी स्थिति में पहुंच गया है। न्यूजमैक्स से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि ईरान के 159 सैन्य जहाज अब नष्ट हो चुके हैं। साथ ही 200 सैन्य विमान, रडार, एयर डिफेंस सिस्टम और हथियार बनाने की क्षमता का बड़ा हिस्सा खत्म कर दिया गया है।




### ईरान का बहरीन में अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइल और ड्रोन से हमला

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने बहरीन के अल-जुफैर सैन्य अड्डे पर हमला किया है, जहां अमेरिकी सेना भी मौजूद है। IRGC के मुताबिक, हमले में हथियारों के कई गोदाम, सैटेलाइट संचार केंद्र और अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी वाली एक इमारत को निशाना बनाया गया। ईरान ने इसे जवाबी कार्रवाई बताया और अभियान का नाम ₹नस्त्र-2₹ रखा है और कहा है कि यह अभी जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि होर्मुज स्ट्रेट से जुड़ी ईरान की सभी सैन्य क्षमताओं को खत्म करने के बाद अमेरिका इस रणनीतिक समुद्री मार्ग पर पूरा नियंत्रण रखेगा।

### जहाजों की आवाजाही 2 महीने में सबसे कम


शिप ट्रैकिंग फर्म केपलर के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में होर्मुज से गुजरने वाले तेल और गैस टैंकरों की संख्या 25 मई के बाद सबसे कम रही। यानी करीब दो महीने में पहली बार ट्रैफिक इतना घटा है। शिपिंग ब्रोकरेज गिब्सन ने चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज स्ट्रेट में तनाव लंबे समय तक बना रहा या रास्ता फिर बाधित हुआ, तो वैश्विक तेल सप्लाई पर बड़ा असर पड़ेगा। इससे कच्चे तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं और दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बढ़ेगा।




SOS INFRABULLS
MAHANTA GROUP
JOB के साथ EXTRA INCOME चाहिए?
ASSOCIATE CHANNEL PARTNER है,
₹50k–80k महीना कमाएं।
कोई फिक्स टाइम नहीं
कोई टारगेट प्रेशर नहीं
फुल ट्रेनिंग और सपोर्ट
इनकम + ग्रोथ दोनों पक्की
आपके लिए PERFECT OPPORTUNITY!
405, शगुन टॉवर अपना स्वीट्स, विजय नगर इंदौर
Gunjan Shrivastava
Mob.9179280723, 9179703509

उज्जैन
मंगलवार
14
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### इंदौर में सरकारी राशन की कालाबाजारी :100 कट्टों से भरी गाड़ी पकड़ी

**इंदौर।** इंदौर के गांधी नगर थाना क्षेत्र में सरकारी पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के राशन की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय लोगों की सतर्कता से करीब 100 कट्टे सरकारी अनाज से लदी एक संदिग्ध गाड़ी पकड़ी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर जांच शुरू कर दी। नगर निगम के एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा 'मामा' ने बताया कि क्षेत्र में सरकारी राशन की हेराफेरी की सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय हुए। मानव अधिकार संगठन से जुड़े तनिष्क चौकसे, बजरंग दल के बाहुबली प्रखंड संयोजक रोहित बढ़वाया, कार्यकर्ता हेमराज यादव और प्रखंड गौरक्षा प्रमुख राहुल राठौर सहित अन्य लोगों ने संदिग्ध वाहन की घेराबंदी कर उसे रोक लिया। वाहन की जांच में करीब 100 कट्टे सरकारी पीडीएस राशन मिलने का दावा किया गया। आशंका है कि इस अनाज को अवैध रूप से ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।

### महिला से चेन लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र में जैन मंदिर दर्शन के लिए जा रही महिला से सोने की चेन लूटने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई। उनके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन भी बरामद कर ली गई है। डीसीपी नरेंद्र रावत ने बताया कि चार दिन पहले सुबह मल्हारगंज क्षेत्र में इंदिरा जैन मंदिर दर्शन के लिए जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश उनकी सोने की चेन लूटकर फरार हो गए थे। आरोपियों की पहचान रोशन सिंह, सुरेंद्र सिंह और सुखवीर सिंह निवासी आकाश नगर के रूप में हुई है। वारदात के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में पता चला कि आरोपी द्वारकापुरी, अन्नपूर्णा और छत्रीपुरा थाना क्षेत्रों से होते हुए मल्हारगंज पहुंचे थे। वारदात के बाद वे इसी रास्ते से वापस द्वारकापुरी क्षेत्र लौट गए। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन बरामद कर ली है। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वे पहले भी इस तरह की वारदातों में शामिल रहे हैं या नहीं। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### 11वीं के छात्र के दोस्त पर चाकू से हमला; तीन आरोपियों पर केस दर्ज

**इंदौर।** इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रों के बीच विवाद चाकूबाजी तक पहुंच गया। इंस्टाग्राम पर शुरू हुई कहासुनी के बाद बंगाली चौराहे पर तीन छात्रों ने 11वीं के छात्र और उसके दोस्तों से मारपीट की। इस दौरान एक छात्र ने दोस्त के पैर पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले रितीश जोशी ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह सत्य साईं चौराहे के पास स्थित एक निजी स्कूल का छात्र है। उसका विवाद स्कूल में खो-खो खेल के दौरान दूसरे छात्र रिशीत से हुआ था। रितीश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह स्कूल में टीसी लेने गया था, जहां आरोपी छात्र उसे घूर रहा था। इसके बाद आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उससे मोबाइल नंबर मांगा, लेकिन उसने देने से इनकार कर दिया।

### नगर निगम की कार्रवाई, जेल रोड पर जर्जर मकान ढहाया

**इंदौर।** बारिश के मौसम में हादसों की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने शहर में जर्जर भवनों को हटाने का अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को निगम की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए एक जर्जर मकान को ध्वस्त किया, जबकि एक अन्य भवन की खतरनाक गैलरी हटाने के लिए मकान मालिक को दो दिन का समय दिया गया। साथ ही निगम के पुराने क्वार्टरों को हटाने की कार्रवाई भी की गई। नगर निगम की टीम जोन क्रमांक-3 में जेल रोड पहुंची, जहां लंबे समय से जर्जर हो चुके एक मकान को मशीनों की मदद से गिराया गया।

---

इंदौर में अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान बच्चे की मौतः

# 9 साल के इकलौते बेटे को खोने के बाद परिजनों का हंगामा

## बच्चे की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा

### ऑपरेशन के दो घंटे बाद मिली मौत की सूचना

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के देवगुराड़िया स्थित एनर्जी अस्पताल में सोमवार को अपेंडिक्स के ऑपरेशन के दौरान 9 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में हंगामा किया। सूचना मिलने पर रात में पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को जांच का आश्वासन देकर स्थिति शांत कराई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बच्चे की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा।



मृतक निखिल मीणा (9) पिता दीपक मीणा निवासी नवलगांव, खातेगांव, को अपेंडिक्स की समस्या के चलते एनर्जी अस्पताल में भर्ती कराया था। बच्चे के चाचा दिनेश मीणा के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे उसे ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया था। परिवार ऑपरेशन पूरा होने का इंतजार कर रहा था।

परिजनों का आरोप है कि करीब दो घंटे बाद, लगभग 3:30 बजे अस्पताल स्टाफ ने बताया कि बच्चे की तीन सर्जरी हुई हैं और उसे आईसीयू में शिफ्ट किया है। कुछ देर बाद अचानक परिवार को निखिल की मौत की जानकारी दी गई। परिजनों का कहना है कि इस दौरान कोई जिम्मेदार डॉक्टर या सर्जन सामने नहीं आया और न ही मौत के कारणों के बारे में स्पष्ट जानकारी दी गई। निखिल अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। मौत की खबर मिलते ही पिता दीपक मीणा और मां मोना मीणा बदहवास हो गए। परिवार के अन्य सदस्य भी अस्पताल पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक परिजन लगातार यह जानने की कोशिश करते रहे कि सामान्य अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान बच्चे की मौत कैसे हुई, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मासूम की मौत के बाद परिजनों और रिश्तेदारों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए डॉक्टरों की भूमिका पर सवाल उठाए। स्थिति बिगड़ने की सूचना पर रात करीब 9 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। बाद में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

### वरिष्ठ अधिकारियों से करेंगे शिकायत

परिजनों ने कहा कि मंगलवार को वे संबंधित डॉक्टरों की भूमिका की जांच कराने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक और स्वास्थ्य अधिकारियों से शिकायत करेंगे। उनका कहना है कि यदि ऑपरेशन के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चलेंगे कारण

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अस्पताल प्रबंधन से आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। बच्चे की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

### हॉर्न बजाया तो कार पर चढ़ा बदमाश, शीशे फोड़े

इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र में रविवार रात बीच सड़क पर खड़े एक युवक को हॉर्न बजाना दंपती को भारी पड़ गया। गुस्साए युवक ने कार के बोनट पर चढ़कर जमकर तोड़फोड़ की और कार के शीशे फोड़ दिए। पूरी घटना कार में मौजूद दंपती ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के बाद बाबू पिता मुकेश उम्र 19 साल निवासी पंचमुखी हनुमान मंदिर व सुलभ कॉम्प्लेक्स के सामने भोरासला इंदौर और अंकित पिता दिलीप केलवा उम्र 23 निवासी शिव मंदिर के पास गोविंदनगर को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। बाबू नल फिटिंग का काम करता है, जबकि अंकित सलून चलाता है।

---

पत्नी को तड़पाकर मारा, नहाकर नए कपड़े पहने, तिलक लगाया

# पोस्टल असिस्टेंट को मारने पति ने ऑनलाइन मंगाया था 7 लेयर वाला चाकू

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की पोस्टल असिस्टेंट उर्मिला सैनी हत्याकांड में नई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। हत्या के बाद आरोपी पति अखिलेश सैनी ने खून से सने कपड़े घर के पास चेंबर में डाले फिर नहाकर नए कपड़े पहने-तिलक भी लगाया।

इसके बाद बच्चों प्रेक्षा और अव्यक्त से मिलने स्कूल पहुंचा। यहां बेटी को मां का नेकलेस, घर की चाबी, एटीएम कार्ड और जरूरी सामान देकर छुट्टी के बाद मौसी के घर जाने को कहा। आरोपी ने पत्नी को मारने के लिए सात लेयर वाला मेडिकल चाकू ऑनलाइन मंगवाया था। अब तक की पड़ताल में हत्या की खौफनाक प्री-प्लानिंग सामने आई है। बेटी प्रेक्षा ने जो बताया वह तो रोंगटे खड़े करने वाला है।

12 जुलाई को डाक कुंज कॉलोनी निवासी उर्मिला सैनी (38) की उन्हीं के घर में जघन्य हत्या कर दी गई। इसका पता तब चला था जब बेटी प्रेक्षा और बेटा अव्यक्त घर पहुंचे थे। घर का दरवाजा खुला हुआ था और अंदर पहले कमरे में मां रक्तरंजित पड़ी थी। यह देख दोनों का दिमाग चकरा गया था। अब मृतका की बेटी प्रेक्षाके बयानों ने इस हत्याकांड को महज घरेलू विवाद नहीं, बल्कि एक सुनियोजित और बेहद क्रूर




साजिश के रूप में सामने ला दिया है। प्रेक्षा का दावा है कि उसके पिता अखिलेश सैनी ने हत्या की पूरी साजिश पहले से रची थी। उसने न केवल हत्या के हथियार पहले से जुटाए, बल्कि वारदात के बाद सबूत मिटाने और फरार होने की रणनीति भी बनाई।

बेटी के मुताबिक पिता के हाथ के अंगूठे पर कट का निशान था, जिस पर पट्टी बंधी हुई थी। पूछने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया और कहा कि उन्हें और उनकी मां को भोपाल किसी जरूरी काम से जाना है। इसी बहाने उन्होंने बेटी को घर न जाकर मौसी के घर जाने की सलाह दी और कुछ नकदी भी देकर गए। आरोपी अखिलेश अपने साथ एक डेबिट कार्ड लेकर भागा है।

बेदर्दी से मारने की बात रिश्तेदार मंगला सुनहरी ने भी बयां की। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम विभाग में शिनाख्ती के लिए मुझे बुलाया तो मैंने उर्मिला के शव को देखा तो काफी लहुलुहान थी। उसका एक ओर का जबड़ा और चार दांत टूटे हुए थे। पूरा चेहरा चाकुओं के वार से खौफनाक था। शव पलटने पर हाथ में खून के लोथड़े आ रहे थे।

### पोस्टमार्टम में खुलासाः मौत के बाद भी जारी रही हैवानियत

प्रेक्षा के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि उर्मिला सैनी पर पहला हमला सिर पर किया गया था। उसका मानना है कि पिता पहले सिर पर भारी वार कर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से असहाय बनाया। मां की मौत हो जाने के बाद भी वह नहीं रुका और शरीर पर कई और वार किए।

घटनास्थल की भयावह स्थिति देखकर पुलिस ने भी परिजनों को शव न दिखाने की सलाह दी थी, लेकिन सबसे पहले उसी दृश्य का सामना दोनों मासूम बच्चों को करना पड़ा।

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि हत्या के बाद आरोपी सीधे बच्चों के स्कूल पहुंचा। प्रेक्षा ने बताया कि उस समय उसके पिता पूरी तरह सामान्य दिख रहे थे। उन्होंने नहा-धोकर साफ कपड़े पहने थे, बालों में तेल लगाया था, माथे पर भगवान का तिलक था और जूते तक पॉलिश किए हुए थे।

### सोनम रघुवंशी की जमानत पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की जमानत के खिलाफ मेघालय सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनवाई करेगा।

जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच ने मेघालय सरकार से सोनम को गिरफ्तारी के समय दिए गए 'ग्राउंड्स ऑफ अरेस्ट' की प्रति पेश करने को कहा है। दरअसल, ट्रायल कोर्ट ने सोनम को इस आधार पर जमानत दी थी कि गिरफ्तारी के समय उसे कानून के अनुसार गिरफ्तारी के आधार उपलब्ध नहीं कराए गए थे। बाद में मेघालय हाईकोर्ट ने भी इस आदेश को बरकरार रखा।

मेघालय सरकार का कहना है कि सोनम को गिरफ्तारी के आधार बताए गए थे। विवाद केवल एक टाइपिंग की गलती का है। दस्तावेज में हत्या से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 103(1) की जगह गलती से धारा 403(1) लिख दिया गया था

सुप्रीम कोर्ट अब अगली सुनवाई में विस्तार से यह जांच करेगा कि कानून के मुताबिक सोनम को गिरफ्तारी के आधार उपलब्ध कराए गए थे या नहीं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय सरकार की याचिका पर तत्काल जमानत पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। हालांकि, जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस शील नागू की बेंच ने मौखिक रूप से कहा था कि पहली नजर में हाईकोर्ट द्वारा मामले को जिस तरीके से निपटाया गया, उस पर उन्हें आपत्ति है।

---

## जाम गेट पर पर्यटकों को सुरक्षा का पाठ

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मानसून के दौरान प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर बढ़ती पर्यटकों की संख्या को देखते हुए ट ऋ और इंदौर ग्रामीण पुलिस ने संयुक्त रूप से वेलकम टू जंगल जनजागरूकता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य पर्यटकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और प्राकृतिक स्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है।

इस विशेष अभियान का नेतृत्व आरजे साक्षी ने किया। अभियान में इंदौर के करीब 20 प्रमुख कंटेंट क्रिएटर्स भी शामिल हुए। टीम ने जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पातालपानी और जाम गेट पहुंचकर पर्यटकों को सुरक्षित पर्यटन से जुड़े जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अभियान के दौरान इंदौर ग्रामीण पुलिस ने बताया कि मानसून सीजन में पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पुलिस अधिकारियों ने पर्यटकों से अपील की कि वे निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करें और प्रतिबंधित या जोखिम वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। रेस्क्यू टीम ने भी पर्यटकों को आपात स्थिति में बचाव कार्यों की प्रक्रिया और स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीकों की जानकारी दी। पर्यटकों को सही दिशा-निर्देश और सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए इंदौर ग्रामीण पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। इन बोर्डों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित मार्ग, सावधानियां और आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी जा रही है। अभियान के माध्यम से पर्यटकों को संदेश दिया गया कि वे प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद जरूर लें, लेकिन सुरक्षा नियमों की अनदेखी न करें।

## जीतू पटवारी के भाई के मोबाइल में ऑनलाइन सट्टा एप

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई कुलभूषण उर्फ नाना पटवारी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इंदौर पुलिस को उनके मोबाइल से ऑनलाइन सट्टे के दो एप, तीन संदिग्ध मोबाइल नंबर और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के डिजिटल सुराग मिले हैं। इन्हीं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस अब नाना पटवारी से दोबारा पूछताछ की तैयारी कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि ऑनलाइन सट्टा, संदिग्ध लेन-देन और कथित ड्रग्स



पार्टी के बीच कोई कनेक्शन था या नहीं।

डीसीपी नरेंद्र रावत ने बताया कि मोबाइल की फोरेंसिक जांच में दो ऑनलाइन सट्टा एप, तीन अहम मोबाइल नंबर और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के संकेत मिले हैं। इन नंबरों से जुड़े लोगों की पहचान और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। राजेंद्र नगर थाना पुलिस की विशेष टीम मोबाइल डेटा के साथ अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की भी पड़ताल कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, मोबाइल में मिले दोनों एप का इस्तेमाल कथित तौर पर ऑनलाइन सट्टे की लिंक भेजने के लिए किया जाता था। जांच में कुछ संदिग्ध वित्तीय लेन-देन भी सामने आए हैं। अब यह पता लगाया जा रहा है कि नाना पटवारी का ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क से कोई संबंध था या नहीं।

रविवार को राजेंद्र नगर थाने में महिला अधिकारी की मौजूदगी में दो युवतियों के बयान दर्ज किए गए। एक युवती ने बताया कि उसकी पहचान नाना पटवारी से प्लॉट के सिलसिले में हुई थी। उसने दावा किया कि एक पार्टी में एमडी ड्रग्स का सेवन किया गया था, जिसमें नाना पटवारी भी मौजूद थे।

---

कलेक्टर ऑफिस तक पैदल मार्च निकालेंगे स्टूडेंट्स, सीजेपी पार्टी के सदस्य होंगे शामिल

# नीट पेपर लीक सहित 23 सूत्रीय मांगों को लेकर महाआंदोलन आज

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नीट पेपर लीक सहित 23 सूत्रीय मांगों को लेकर इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर स्टूडेंट्स धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अब ये आंदोलन बड़ा रूप लेना जा रहा है।

14 जुलाई यानी मंगलवार को स्टूडेंट्स सड़कों पर उतरेंगे और पैदल मार्च निकालकर कलेक्टर ऑफिस जाएंगे जहां वे प्रदर्शन करेंगे। इधर, इस धरना प्रदर्शन को कॉकरोच जनता पार्टी का समर्थन भी मिला है। उनके कुछ सदस्य इस महाआंदोलन में शामिल होने के



लिए दिल्ली से इंदौर आएंगे और महाआंदोलन में शामिल होंगे।


वहीं सीजेपी पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके के आने की भी पूरी संभावना है। इस बात की पुष्टि धरना प्रदर्शन करने वाले पवन अहिरवार, अरुण बड़ोले ने की है। बता दें कि पिछले कई दिनों से स्टूडेंट्स इंदौर के टंट्याभील चौराहे पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टूडेंट्स की 23 सूत्रीय मांगें हैं।

### कॉकरोच जनता पार्टी का समर्थन

टंट्याभील चौराहे पर चल रहे स्टूडेंट्स के धरना प्रदर्शन को कॉकरोच जनता पार्टी का भी समर्थन मिल चुका है। अब स्टूडेंट्स द्वारा इस प्रदर्शन का बड़ा रूप दिया जा रहा है और महाआंदोलन के रूप में मंगलवार को प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स से पार्टी से प्रमुख अभिजीत दीपके ने वीडियो कॉल से बात की थी और स्टूडेंट्स के हालचाल भी जाने थे और मंगलवार को महाआंदोलन में शामिल होने की संभावना जताई थी। पवन अहिरवार, अरुण बडोले ने बताया कि फिलहाल पार्टी के दो प्रमुख मेंबर आशुतोष रांका और दीपक बेलियान तो दिल्ली से इंदौर महाआंदोलन में शामिल होने के लिए आ रहे हैं।

# एमपी में पहली बार 3% से कम बारिश, पांच दिन से सिर्फ बूंदाबांदी हो रही; अब तक 241.8 मिमी ही पानी गिरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



इस मानसूनी सीजन में जुलाई में पहली बार मध्य प्रदेश में बारिश का आंकड़ा माइनस में आया है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक- प्रदेश में सामान्य से 3 प्रतिशत पानी कम गिरा है। पूर्वी हिस्से यानी- जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग में एवरेज से 17% और पश्चिमी हिस्से यानी- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम ग्वालियर-चंबल में 10% कम बारिश हुई है।

प्रदेश में पिछले 5 दिन से भारी या अति भारी बारिश नहीं हुई है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्से में बादल तो छा रहे, लेकिन बरस नहीं रहे। इस वजह से प्रदेश के आधे से ज्यादा जिले में सामान्य से कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अब तक 241.8 मिमी (9.5) बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश के 250.1 मिमी (9.8) से 3% कम है। हालांकि, यह कोटे की 25 प्रतिशत मौसम विभाग ने फिलहाल हल्की बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है। मंगलवार को सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में गरज-चमक, आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में तेज धूप खिलेगी।

मौसम एक्सपर्ट शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि वर्तमान में मानसून को एक्टिव करने वाली प्रमुख मौसम प्रणालियां कमजोर पड़ गई हैं अथवा उनका प्रभाव मध्य प्रदेश से दूर चला गया है। यही कारण है कि अधिकांश क्षेत्रों में केवल बादल छाए रहने और हल्की फुहारों जैसी स्थिति बनी हुई है। उत्तर बंगाल की खाड़ी में एक नया ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण यानी, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम बनने का अनुमान है। यदि यह सिस्टम निम्न दाब क्षेत्र में बदला तो प्रदेश में फिर से तेज बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रशांत महासागर में 3 नए सिस्टम बन रहे हैं, अगर इनमें से एक भी बंगाल की खाड़ी तक पहुंच गया तो मानसून फिर से एक्टिव हो सकता है।

## सतपुड़ा की रानी की सैर:टाइगर रिजर्व बंद, पचमढ़ी में बढ़े पर्यटक

**पचमढ़ी।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मढ़ई कोर एरिया में सफारी बंद है। पर्यटक वन्यप्राणियों को देखने कोर एरिया में नहीं जा पा रहे हैं। चूरना के बफर जोन में रोड भी खराब है। इसलिए हिल स्टेशन पचमढ़ी में पर्यटकों की भीड़ बढ़ रही है। लोग बदले मौसम का मजा ले रहे हैं।

भीड़ इतनी है कि पर्यटकों को जिप्सी के लिए सुबह से लाइन लगानी पड़ रही है। जिप्सी बायसन लॉज से टिकट लेने पर मिलती है। लोग रात में ही एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। पचमढ़ी में करीब 110 होटल फुल हैं। बारिश में हिल स्टेशन घूमने के लिए पचमढ़ी में पर्यटकों की भरमार है। जिप्सी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। लोग सुबह से बायसन लॉज टिकट काउंटर पर पहुंच रहे हैं। दो घंटे की लाइन के बाद भी कई लोगों को टिकट नहीं मिल पा रहा है। टैक्सी चालक कल्याण संघ पचमढ़ी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल ने बताया कि पर्यटकों के लिए 390 जिप्सियां चलती हैं।

### घनश्याम सिंह 20 करोड़ तो बीजेपी के आशुतोष 1.79 करोड़ के मालिक

## दतिया उपचुनाव:भाजपा-कांग्रेस के कैंडिडेट करोड़पति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दतिया

दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी घनश्याम सिंह भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी से कई गुना ज्यादा अमीर हैं। घनश्याम 20.08 करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक हैं। जबकि आशुतोष तिवारी के पास 1.79 करोड़ रुपए की संपत्ति है।

यह जानकारी दोनों के नामांकन फॉर्म के साथ लगाए गए शपथ-पत्र में सामने आई है। दतिया राजघराने के मुखिया घनश्याम सिंह के पास साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा की कृषि भूमि और ढाई करोड़ की गैर-कृषि भूमि के साथ-साथ कमर्शियल बिल्डिंग्स भी हैं।

दोनों की पत्नियों की संपत्ति का अंतर ठीक उलट है। घनश्याम सिंह खुद भले ही ज्यादा संपत्ति के मालिक हों, लेकिन उनकी पत्नी के पास करीब 84.17 लाख रुपए की संपत्ति है।

इसके उलट, आशुतोष की पत्नी कल्पना के पास करीब 1.76 करोड़ रुपए की मालिकियत है। जिसमें अकेले उनके पास 1.31 करोड़ रुपए की कृषि भूमि शामिल है। घनश्याम सिंह के खिलाफ तीन केस रजिस्टर्ड हैं। जबकि आशुतोष का कोई भी आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

सोना रखने के मामले में पत्नियां अपने-अपने पतियों से आगे हैं। घनश्याम सिंह के पास कुल 240 ग्राम सोना है। जबकि उनकी पत्नी के पास करीब 580 ग्राम सोना है। वहीं, आशुतोष के पास 80 ग्राम सोना है। पत्नी कल्पना के पास 312 ग्राम सोना है।

घनश्याम सिंह के पास 1.80 लाख रुपए कैश हैं, जबकि आशुतोष के पास 1 लाख 54 हजार 500 रुपए की नकदी है। आशुतोष के पास बैंकों का कुल 11.83 लाख रुपए का कर्ज है। जबकि घनश्याम सिंह पर 5.63 लाख रुपए की देनदारी है।

सोमवार को नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन प्रत्याशियों के नामांकन लिए गए। अब 14 जुलाई यानी मंगलवार को नामांकन की जांच की जाएगी। जिले में कुल 32 नामांकन दाखिल किए गए हैं। इनमें से कुछ प्रत्याशियों ने दो-दो नामांकन दाखिल किए हैं। इनमें भाजपा के आशुतोष ने दो, घनश्याम सिंह ने तीन और दामोदर ने दो नामांकन दाखिल किए हैं। कोई भी प्रत्याशी 16 जुलाई तक अपना नामांकन वापस ले सकता है।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

प्रवेश प्रारंभ
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
टाइपिस्ट की आवश्यकता है समय रात्रि 7:30 से 10:30 तक वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क करें
एडवोकेट विजय पटेल
मीणा समाज धर्मशाला काजीपुरा अंकपत मार्ग उज्जैन
मोबाइल- 9301322699

तुरंत आवश्यकता है
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

प्रॉपर्टी बेचना है
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

आवश्यकता है
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क 9827820470

मकान बेचना है
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें ।
9669578652

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar




1st RERA APPROVED
RESORT TOWNSHIP
Experience Luxury Living
at the 1st RERA Approved Resort Township
Bail Parao, Nainital, Uttarakhand
अगर आप Nature के बीच Luxury Second Home +
Rental Income चाहते हैं, तो Corbett County
आपके लिए एक Perfect Investment है।
Plots starting at just
₹36 Lakhs
Luxury Villas starting at
₹1.40 Crore
BANK
Easy Bank Loan
Available
Limited Inventory
Book Now!
CORBETT COUNTY
BAIL PARAO, NAINITAL, UTTARAKHAND
LUXURY VILLAS STARTING AT
₹1.40 CRORE*
EASY BANK LOAN AVAILABLE
Gated Township
Nature Surroundings
Premium Amenities
High Rental Potential
Future Ready Investment

स्वदेशी जागरण मंच

स्वावलंबी भारत अभियान

MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबिल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकुरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, प्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिंगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |

■ वर्ष-12 अंक-251 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

न क्रोधो न च मात्सर्यं न लोभो नाशुभा मतिः।
भवन्ति कृतपुण्यानां भक्त्या श्रीसूक्तजापिनाम्॥

**भावार्थ :** भक्तिपूर्वक श्री सूक्त का जप करनेवाले, पुण्यशाली लोगों को न क्रोध होता है, न ईर्ष्या होती है, न लोभ ग्रसित कर सकता है और न उनकी बुद्धि दूषित ही होती है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवारः 10 जुलाई, 2026

वैनतेय सोमं पिब सोमं पिबतु वृत्रहा।
सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः ॥

**भावार्थ :** हे गरुड़! आप सोमपान करें। वृत्रासुर के विनाशक इन्द्र सोमपान करें। वे गरुड तथा इन्द्र धनवान सोमपान करने की इच्छा वाले के सोम को मुझ सोमपान की अभिलाषा वाले को प्रदान करें।

## पत्नी गर्भवती आसीत, व्ययस्य धनं नासीत अतः स्वर्णकारं लुण्ठितवतीः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

तस्य पत्नी गर्भवती आसीत, सः आर्थिककष्टानां सामनां कुर्वन आसीत । व्ययस्य पूर्तये शीघ्रं धनं प्राप्तुं च लुटेरः स्वसहकारिभिः सह एकस्य आभूषणस्य ?३७ लक्षरूप्यकाणां आभूषणं, नगदं च लुण्ठितवान् सोमवासरे पुलिसैः त्रयः अभियुक्ताः गृहीत्वा प्रकरणस्य समाधानं कृतम। जयपुरस्य खोराबिसालपुलिसक्षेत्रे एषा घटना अभवत। जुलै-मासस्य ३ दिनाङ्के चोरीकाले अभियुक्तः आक्रमणं कृत्वा ज्वेलरी-बाहुं भग्नवान् । डीसीपी (पश्चिम) प्रशांत किरण इत्यनेन उक्तं यत, डकैतीयाः मास्टरमाइंडाः बुगलिया (कलवाड) निवासी कमलेश कुमार बाज्य , बुगलिया निवासी अशोक

## सम्पादकीयम्

### राजनैतिकहिंसा कथमपि न्याय्यं न भवितुम् अर्हति

राजनैतिकहिंसा कथमपि न्याय्यं न भवितुम् अर्हति। अस्मिन् समये राज्येन परिवर्तनार्थं मतदानं कृतम्, एतत परिवर्तनं राजनैतिकपरिदृश्ये अपि प्रतिबिम्बितव्यम्। भाजपायाः विधिव्यवस्था निर्वाचनविषयः कृतः आसीत्। अधुना सर्वकारे स्थित्वा सवेषां सुरक्षायाः उत्तरदायित्वं तेषां एव वर्तते। न कश्चित् कारणात् स्वहस्ते विधिं ग्रहीतुं अर्हति। सुधारः नास्ति : निर्वाचनोत्तरहिंसा बङ्गदेशे एकः दीर्घकालीनः रोगः अस्ति। २०२१ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचनानन्तरं अपि शतशः हिंसाप्रकरणाः पञ्जीकृताः। तस्मिन् समये राष्ट्रियमानवाधिकारआयोगेन १९०० तः अधिकानां प्रकरणानाम् अन्वेषणं कृतम् आसीत्। अस्मिन् सन्दर्भे स्थानीय पुलिसप्रशासनसम्बद्धाः गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः। परन्तु २०२३ तमस्य वर्षस्य पंचायतनिर्वाचने न च २०२४ तमे वर्षे सामान्यनिर्वाचने अस्मात् किमपि पाठं न ज्ञातम्। अस्मिन् समये अपि निर्वाचनपरिणामस्य घोषणायाः अनन्तरमेव विभिन्नस्थानात् तोड़फोड़स्य, शारीरिकप्रहारस्य च सूचनाः उद्धृताः। सुवेन्दु अधिकारी का पीए चन्द्रनाथ रथ वध हुआ। परिणामस्य केवलं त्रयः दिवसाः अन्तः बङ्गालपुलिसः २०० तः अधिकाः प्रकरणाः पञ्जीकृत्य ४०० तः अधिकाः व्यक्तिः गृहीतवान् आसीत्।

**मूखज्ता मा भवतुः सीमान्तरे वातालजपं कुरुत, अहं तत न सहिष्यामिः इति**

# जरीनखानः पपराजी-समूहस्य उपरि आक्षेपं कृतवान यत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बईनगर

बालिवुड्-अभिनेत्री जरीन खानस्य एकः भिडियो सामाजिकमाध्यमेषु प्रकाशितः यस्मिन सा पपराजी-जनानाम उपरि क्रोधेन प्रहारं कुर्वती दृश्यते। एकस्मिन ब्राण्ड् इवेण्ट् इत्यस्य समये जरीनः पपराजी इत्यस्य भर्त्सनं कृतवती यत तया सह बकवासं न कुर्वन्तु इति । सा तान सीमान्तरे एव तिष्ठन्तु इति कठोररूपेण निर्देशितवती ।

मुम्बईनगरे वस्त्रब्राण्ड् प्रचारकार्यक्रमे जरीनखानः आगता आसीत । हरितवर्णीयं वेषं धारयन्त्याः सा मीडिया-कैमराणां पुरतः डेनिम-जाकेटं, जीन्स-पट्टिकां च प्रदर्शयति स्म । तत्र उपस्थितः पपराजी तां वेषस्य प्रयोगं कर्तुं पृष्टवान ।

अभिनेत्र्याः एतत सर्वथा न रोचते स्म । जरीन खानः अवदत, मया सह बकवासं मा वदतु, यतः अहं तादृशानि वस्तूनि न सहामि। भवतः सीमायाः अन्तः एव तिष्ठतु। एतत वदन्त्याः जरीनस्य क्रोधः तस्याः मुखस्य उपरि स्पष्टतया दृश्यते स्म ।

पूर्वं नेहा धुपिया गोल्ड स्ट्रीमिंग पुरस्कारसमारोहे पपराजी इत्यस्य उपरि आक्षेपं कृतवती आसीत । पृष्ठभागस्य शॉट्-ग्रहणं, पोस्ट्-करणं च कृत्वा अभिनेत्री स्वस्य अप्रसन्नतां प्रकटितवती, पपराजी-दलस्य कृते कठोर-चेतावनी अपि कृतवती।

नेहा धुपिया पुरस्कारं गृहीत्वा समारोहात निर्गच्छति स्म यदा एकः पपराजी तस्याः धूसरकेशानां विषये टिप्पणीं कृतवान्, तस्मै सा क्रोधेन उत्तरितवती यत, भवद्भ्यः कथितम किं भवन्तः? भवद्भ्यः कः एतानि अशिष्टानि पृष्ठशॉट् गृह्णाति? कः गृह्णाति?



कः प्रकाशयति? मा कुरुत। अहं तत कर्तुम न इच्छामि, अन्यः कोऽपि कर्तुम इच्छति नास्ति। अहं तत वक्तुं श्रान्तः अस्मि।

अभिनेत्री अपि अवदत, एतत अस्माकं कार्यं नास्ति। यदा वयं बहिः गच्छामः तदा यूयं जनाः एतत सर्वं कुर्वन्ति-पुटं उत्थापनं, पुस्तकानि वहन्तः, अस्माकं समीपं गमनम-एतत सर्वं कार्यं न करिष्यति। एतत स्थगयन्तु। वयं भवद्भ्यः जनानां सह महता आदरपूर्वकं वदामः। एतत मा कुरुत। एतत मा कुरुत, एतत सर्वथा मा कुरुत।

### मलाइका अरोरा पपराजी इत्यस्य भर्त्सनं कृतवान

मलाइका अरोरा इत्यस्याः एकः भिडियो अद्यैव वायरल अभवत, यस्मिन सा पपराजी इत्यस्य उपरि प्रहारं कुर्वती दृश्यते। एकस्य आयोजनस्य अनन्तरं मलाइका कस्यचित सह वार्तालापं कुर्वती आसीत, परन्तु तस्याः गोपनीयतां दातुं स्थाने पपराजी-जनाः भिडियो-गृहाणि गृह्णन्ति स्म । एतत दृष्ट्वा अभिनेत्री क्रुद्धा अभवत, अत्र आगच्छतु!

### सलमानः अपि पपराजी-जनानाम उपरि क्रुद्धः अभवत

गतमासे सलमानखानः अपि पपराजी-जनानाम उपरि क्रुद्धः अभवत । सः हिन्दुजा-चिकित्सालयं गतवान आसीत, यत्र गच्छन पपराजी-कोलाहलेन सः क्रुद्धः आसीत । परन्तु यदा सलमानः स्वस्य चलच्चित्रस्य राजा शिवाजी इत्यस्य सफलतापार्टिम आगतः तदा सर्वे पपराजीः तस्य क्षमायाचनां कृतवन्तः ।

सलमानः पार्टीं प्राप्तवान एव पपराजीः तं परितः कृत्वा क्षमायाचनां कर्तुं आरब्धवन्तः । ते सर्वे एकस्वरेण क्षम्यतां भैजान, उच्चैः क्षम्यतां वद इति वदन्तः दृश्यन्ते स्म। ततः सलमानः तेषां क्षमायाचनं स्वीकृतवान । गोविन्दस्य

## कथितस्य पाकिस्तान सम्बद्धस्य जासूस जालस्य वित्तपोषणस्य प्रमुखः आघातः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

राष्ट्रियसुरक्षासम्बद्धे महत्त्वपूर्णे विकासे राजस्थानस्य सीआईडी (गुप्तचर) इत्यनेन महाराष्ट्रस्य औरंगाबादनगरस्य निवासी रफीकचन्दशेखः पाकिस्तानेन सह सम्बद्धस्य कथितस्य जासूसीजालस्य वित्तपोषणस्य आरोपेण गृहीतः। अन्वेषणसंस्थानां मते अभियुक्तः प्रायः चतुर्वर्षेभ्यः अस्य जालस्य सम्पर्कं कुर्वन आसीत, सः स्वनाम्ना उद्घाटितानां बैंकखातानां माध्यमेन अन्येषां नामानां माध्यमेन च संदिग्धकार्यक्रमेषु सम्बद्धानां व्यक्तिनां कृते धनस्य स्थानान्तरणस्य सुविधां कुर्वन आसीत तस्य गृहीतत्वं अस्य कथितस्य सीमापार गुप्तचरजालस्य वित्तीय कार्यक्रमस्य प्रमुखदमनरूपेण दृश्यते। राजस्थानस्य सीआईडी (गुप्तचर) इत्यस्य अन्वेषणेन ज्ञातं यत रफीकचन्दशेखः सोशल मीडियाद्वारा पाकिस्तानेन सह सम्बद्धानां संदिग्धहैण्डलरानाम सम्पर्कं प्राप्तवान। प्रारम्भिकपरीक्षाः सूचयन्ति यत सः बहुविधं बैंकखाताः उद्घाटितवान-स्वस्य नाम्ना अन्येषां व्यक्तिनां च-यत कथितं यत जालस्य सहकारिभ्यः धनं प्रवाहयितुं उपयुज्यते स्म अधुना अन्वेषणसंस्थाः एतेषां खातानां सह सम्बद्धानां व्यवहारानां, धनस्त्रोतानां, लाभार्थीनां च विस्तृतां अन्वेषणं कुर्वन्ति । अधिकारिणः अवदन यत अभियुक्तः विगतचतुर्वर्षेभ्यः एतेषु कार्येषु सक्रियः अस्ति। सः औरंगाबादनगरे कुक्कुटपालनक्षेत्रं चालयति स्म, अस्य व्यापारस्य आच्छादनेन स्वस्य शङ्कितकार्यं मुखमण्डनं कर्तुं प्रयतते स्म । अन्वेषकाः मन्यन्ते यत सः स्वस्य वित्तीय व्यवहारस्य शङ्कायाः रक्षणार्थं नियमित व्यापार सञ्चालनस्य उपयोगं कृतवान । अस्मिन वर्षे जनवरीमासे प्रकाशं प्राप्तयोः महत्त्वपूण प्रकरणयोः अन्वेषणकाले कृता प्रगतेः परिणामः अयं गृहीतः । २०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरीमासे राजस्थानस्य सीआइडी-संस्थायाः जैसलमेर-नगरस्य निवासी झबरारामः, असमस्य डिब्रुगढ-नगरस्य वायुसेनास्थानके नियुक्तः सुमितकुमारः च गृहीताः आसन उभौ

## राशिफल

**मेष :** आज डेडलाइन के भीतर टास्क कंप्लीट कर लेने की सलाह दी जाती है। किसी भी बहस में पड़ने से बचें।

**वृषभ :** दिन थोड़ा बिजी-बिजी रहने वाला है। कामकाज के चक्कर में अपनी पर्सनल लाइफ से समझौता करना ठीक नहीं है।

**मिथुन :** आज ऑफिस की पॉलिटिक्स आपके लिए नेगेटिव साबित हो सकती है। पॉजिटिव सोच बनाकर रखें।

**कर्क :** आज कार्यालय में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। वर्क लाइफ बैलेंस मेंटेन करके आगे बढ़ें।

**सिंह :** आज के दिन व्यापार, सेहत, पैसों का मामला या हो लव लाइफ बड़े चेंज के लिए तैयार हो जाएं।

**कन्या :** आज इन्वेस्टमेंट को लेकर स्ट्रेटजी बनाने पर ध्यान दें। फिट रहने पर फोकस रखें।

**तुला :** आपका दिन थोड़ा सा स्ट्रेस भरा साबित हो सकता है। धन का आगमन होगा लेकिन खर्च बढ़ने की संभावना भी ज्यादा है।

**वृश्चिक :** आज के दिन दिन रोमांटिक रहेगा। आज का आपका दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है।

**धनु :** एक शानदार दिन के लिए तैयार हो जाएं। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर :** आज किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से मनचाहा रिटर्न नहीं मिलेगा। अपनी बॉडी को फिट रखने के लिए योग ट्राई करें।

**कुंभ :** आज अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक डेट प्लान करें। खर्च को इस वक्त कंट्रोल करने की जरूरत है।

**मीन :** दिन काफी बेहतरीन साबित हो सकता है। करियर के मामले में महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी आपको दी जा सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध मार्गी होते ही इन राशि वालों की बढ़ेगी इनकम, व्यापार में होगा बड़ा लाभ

बुध का यह मार्गी गोचर खासतौर पर इन तीन राशियों के लिए आर्थिक उन्नति लेकर आ सकता है। इस समय सोच-समझकर लिए गए निर्णय आपको बड़ा फायदा दिला सकते हैं।

24 जुलाई 2026 की रात 03 बजकर 54 मिनट पर बुध ग्रह मिथुन राशि में मार्गी होने जा रहे हैं। बुध की यह सीधी चाल खास मानी जा रही है, क्योंकि मिथुन राशि स्वयं बुध की राशि है। ऐसे में बुध यहां अधिक प्रभावशाली स्थिति में रहेंगे और कई जातकों को सकारात्मक परिणाम देने का कार्य करेंगे। इस दौरान मानसिक भ्रम की स्थिति कम होगी, फैसले लेने की क्षमता मजबूत बनेगी और कार्यक्षेत्र में चल रहा दबाव धीरे-धीरे कम हो सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिलेंगे, वहीं रुका हुआ धन वापस मिलने के भी प्रबल योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं किन राशियों को इस गोचर से सबसे अधिक लाभ मिलने वाला है।

### मिथुन राशि

मिथुन राशि वालों के लिए यह गोचर सबसे अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि बुध ग्रह आपकी



कुंडली में लग्न भाव और चौथे भाव के स्वामी हैं और अब आपकी ही राशि में मार्गी हो रहे हैं। बुध का अपनी राशि में सीधा होना आपके व्यक्तित्व को मजबूत बनाएगा। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। लंबे समय से रुके हुए कार्यों में गति आएगी। पैतृक संपत्ति से संबंधित अच्छा लाभ आपको मिल सकता है। आर्थिक मामलों में सुधार देखने को मिलेगा और आय के नए स्त्रोत बनने की संभावना रहेगी। यदि आपने कहीं निवेश किया है तो वहां से भी अच्छा फायदा मिलने के संकेत हैं।

### सिंह राशि

सिंह राशि वालों के लिए बुध ग्रह दूसरे भाव और ग्यारहवें भाव के स्वामी माने जाते हैं। वर्तमान में बुध आपकी कुंडली के लाभ भाव में गोचर कर रहे हैं और मार्गी होने के बाद इसके शुभ परिणाम और अधिक मजबूत हो सकते हैं। आय में अच्छी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। व्यापार करने वाले लोगों को बड़े सौदे या नए क्लाइंट मिलने की संभावना है। परिवार से जुड़ी कुछ समस्याओं का समाधान निकल सकता है।

### वृश्चिक राशि

वृश्चिक राशि वालों के लिए बुध देव आपकी कुंडली के आठवें भाव में मार्गी होने जा रहे हैं। साथ ही बुध आपके लाभ भाव के स्वामी भी माने जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बुध की आठवें भाव में मजबूत स्थिति कई बार अचानक लाभ और अप्रत्याशित सफलता दिलाने वाली साबित होती है। व्यापार में विस्तार की योजनाएं सफल हो सकती हैं। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव ज्यादा देखने को मिलेगा। जो लोग जमीन या वाहन खरीदने की सोच रहे हैं उनकी यह इच्छा पूरी हो सकती है।

**ज्वेरेव को चार सेट में हराया**

# सिनर ने लगातार दूसरी बार विंबलडन जीता



### युवराज सिंह, अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी मैच देखने पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने विंबलडन 2026 का पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ 24 वर्षीय सिनर लगातार दूसरी बार विंबलडन चैंपियन बने। वे ओपन एरा में विंबलडन पुरुष एकल खिताब बचाने वाले इतिहास के सिर्फ 10वें खिलाड़ी बन गए।

24 साल के सिनर ने पहली बार फाइनल खेल रहे में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7(7), 7-6(2), 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीती। यह मैच 3 घंटे 46 मिनट तक चला। इसी के साथ सिनर ने करियर का 100वां ग्रैंड स्लैम मैच जीतने की अचीवमेंट भी हासिल की। चैंपियन बनने पर सिनर को 36 लाख पाउंड (करीब 42 करोड़) की इनामी राशि भी मिली। वे एटीपी रैंकिंग में नंबर-1 बने रहेंगे। उनके और नए नंबर-2 बनने वाले ज्वेरेव के बीच 4,970 अंकों का अंतर रहेगा। यह सिनर के करियर का 5वां ग्रैंड स्लैम और 2026 सीजन का पहला मेजर खिताब है। इससे पहले वे फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से हारकर बाहर हो गए थे। हालांकि, उन्होंने ग्रास कोर्ट पर शानदार वापसी की।

### पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज, अभिषेक-वैभव मैच देखने पहुंचे

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह, मौजूदा टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और वैभव सूर्यवंशी फाइनल मैच देखने पहुंचे। वैभव ने अपने इंस्टा में विंबलडन फाइनल की फोटो साझा की।

### ज्वेरेव पर लगातार 10वीं जीत

सिनर ने ज्वेरेव के खिलाफ लगातार 10वीं जीत दर्ज की। वहीं जर्मन खिलाड़ी का लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने के बावजूद दूसरा मेजर खिताब जीतने का सपना अधूरा रह गया। यह सिनर का 2026 सीजन का छठा एटीपी खिताब है। इससे पहले वह रोम मास्टर्स जीतकर करियर गोल्डन मास्टर्स पूरा कर चुके हैं। फाइनल का पहला सेट टाई-ब्रेक तक पहुंचा, जहां ज्वेरेव ने बढ़त बना ली। फिर सिनर ने दूसरे सेट का टाई-ब्रेक जीतकर मुकाबले में बराबरी की। तीसरे और चौथे सेट में उन्होंने एक-एक बार ज्वेरेव की सर्विस तोड़ी और पूरे मैच में अपने खिलाफ मिले इकलौते ब्रेक प्वाइंट को भी बचा लिया। सिनर ने मुकाबले में 58 विनर्स लगाए और पहला चैंपियनशिप प्वाइंट भुनाते ही कोर्ट पर लेटकर जीत का जश्न मनाया।

## पहले वनडे- वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। गयाना में शनिवार को कैरेबियाई टीम ने 268 रन का लक्ष्य 48.5 ओवर में 3 विकेट पर हासिल किया। केसी कर्टी ने 95 रन बनाए, जबकि कप्तान शाई होप 54 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप की। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने वाली न्यूजीलैंड टीम ने सभी विकेट खोकर 267 रन बनाए। 19 साल के डेब्यूटेंट लेफ्ट आर्म रिस्ट स्पिनर विटैल लॉयस ने अपने पहले ही इंटरनेशनल मैच में 3 विकेट झटके। न्यूजीलैंड की टीम 44वें ओवर में 4 विकेट पर 234 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी, लेकिन विटैल लॉयस और अल्जारी जोसेफ ने आखिरी ओवरों में मैच पलट दिया। न्यूजीलैंड ने अंतिम 6 विकेट सिर्फ 33 रन के भीतर गंवा दिए। लॉयस ने हेनरी निकोल्स (37), मार्क चैपमैन और माइकल ब्रेसवेल को आउट किया।

**स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया,**

# अर्जेंटीना छठी बार फुटबॉल वर्ल्डकप सेमीफाइनल में

### एक्स्ट्रा टाइम में 2 गोल दागे; अब इंग्लैंड से मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उसने आखिरी क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया। लियोनेल मेसी की टीम छठी बार वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची है।

कंसास सिटी स्टेडियम में अर्जेंटीना ने 10वें मिनट में बढ़त ले ली। मैक एलिस्टर ने मेसी के पास पर गोल किया। 67वें मिनट में डैन एनड्यॉय ने गोल कर स्विट्जरलैंड को 1-1 की बराबरी दिला दी। निर्धारित 90 मिनट तक यही स्कोर रहा। इंजरी टाइम में कोई गोल नहीं हुआ। मैच एक्स्ट्रा टाइम में गया। इसमें जूलियन अल्वारेज ने 112वें और एमी मार्टिनेज ने 121वें मिनट में गोल कर अर्जेंटीना को लगातार दूसरे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। अब 15 जुलाई को उसका मुकाबला इंग्लैंड से होगा।

### लगातार 15वें मैच में गोल किया

अर्जेंटीना ने वर्ल्ड कप में लगातार 15वें मैच में गोल किया। इस टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे लंबी गोल करने की श्रृंखला केवल उरुग्वे (16 मैच, 1930–1962), हंगरी (17 मैच, 1934–1962), जर्मनी (18 मैच, 1934–1958 और 1986–1998) और ब्राजील (18 मैच, 1930–1958) के नाम दर्ज है। स्विट्जरलैंड की लंबी बढ़त का सिलसिला टूट गया। टीम वर्ल्ड कप क्वालिफायर और 2026 वर्ल्ड कप मैचों 17 घंटे 10 मिनट (1,030 मिनट) तक किसी भी मैच में पीछे नहीं हुई थी। अर्जेंटीना के मैक एलिस्टर के गोल ने टीम को 0–1 से पीछे कर दिया।

अर्जेंटीना वर्ल्ड कप इतिहास की पहली टीम बन गई, जिसने एक ही वर्ल्ड कप में दो अलग-अलग मैचों के एक्स्ट्रा टाइम के एक ही हाफ में दो-दो गोल किए। उसने राउंड ऑफ 32 मैच में केप वर्डे के खिलाफ एक्स्ट्रा टाइम में डबल गोल किए थे।

## खबर एक नजर...

### कढाबीन के धमाके से हुई थी युवक की मौत

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गावड़ी में 46 दिन पहले बुजुर्ग महिला का निधन होने पर परिवार द्वारा सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई थी। जिसमें कढाबीन बुलाया गया था और पटाखे छोड़े गये थे। शवयात्रा में गांव का रहने वाला अजय पिता मोहन चौधरी 31 साल भी शामिल हुआ था। इस दौरान कढाबीन में बारूद भरकर धमाका किया गया। शवयात्रा में चल रहा अजय धमाके की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गया था। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि घटनाक्रम के बाद मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बारूद से झुलसने पर उसकी मौत होना सामने आया। जिसके चलते कढाबीन रवि पिता रमेशचंद्र मालवीय निवासी जीवाजीगंज उज्जैन के खिलाफ लापरवाही का मामला रविवार को धारा 105 में दर्ज किया गया। रवि की गिरफ्तारी कर कढाबीन जप्त किया गया और सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### घायल और जहरीला पदार्थ खाने वाले की मौत

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम बकानिया का रहने वाला ग्रामीण आत्माराम पिता रूग्गाजी जाट 55 साल 12 दिन पहले बाइक से उज्जैन आते समय गांव के बाहर ही सड़क हादसे का शिकार हो गया था। गंभीर हालत में उसे शासकीय अस्पताल उज्जैन लाया गया था, हालत गंभीर होने पर डॅक्टरों ने रैफर कर दिया था। परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उपचार के दौरान सोमवार तड़के आत्माराम की मौत हो गई। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों का कहना था हादसा बाइक स्लिप होने पर हुआ था। माधवनगर थाना पुलिस ने सोमवार सुबह माकडोन के ग्राम ढाबला हर्दू में रहने वाले आत्माराम पिता औंकारलाल की मौत होने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। आत्माराम 2 बच्चों का पिता था और उसने जहरीला पदार्थ खाया था। दोनों शवों को परिजनों को सौंपने के बाद पुलिस ने मर्ग डायरी माकडोन और घट्टिया थाना पुलिस को जांच के लिये भेजने की बात कहीं है।

### रेलवे स्टेशन के सामने मृत अवस्था में मिला वृद्ध

**उज्जैन।** सोमवार दोपहर रेलवे स्टेशन के सामने होटल रामाकृष्णा के बाहर मृत अवस्था में एक व्यक्ति के पड़े होने की खबर मिलने पर देवासगेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने आसपास के लोगों से शिनाख्त के प्रयास किये, लेकिन सामने आया कि वह कुछ दिनों से क्षेत्र में दिखाई दे रहा था। पुलिस का कहना था कि मृतक 55 साल के लगभग का प्रतीत हो रहा है। हुलिये से वह बाहरी होना सामने आ रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। आसपास के जिलों की थाना पुलिस को मृतक का फोटो भेजा गया है और गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है। 24 घंटे में परिजनों का पता नहीं मिलने पर पोस्टमार्टम कराकर शव को दफना दिया जायेगा।

### जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी महिला की हालत

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के विनायगा में रहने वाली 40 वर्षीय माया पति संतोष ने सोमवार दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसकी हालत बिगड़ती देखी तो उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और मामले की सूचना पुलिस को दी। महिला की हालत ठीक नहीं होने पर उसके बयान दर्ज नहीं हो पाये। परिजन भी कुछ बताने पाने की स्थिति में नहीं थे। आशंका जताई गई कि पारिवारिक विवाद में महिला द्वारा आत्मघाती कदम उठाया गया। हालत में सुधार होने पर बयान दर्ज किये जायेगें।

### बदमाश ने युवक के साथ अडीबाजी कर मांगे 2 हजार

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के जागृति गार्डन के सामने रात के समय बदमाश निमित पांडे ने राज रायल कालोनी में रहने वाले मनीष पिता योगेश शर्मा 30 साल को रोक लिया और पार्टी करने के लिये 2 हजार रुपए मांगने लगा। मनीष ने रुपए देने से मना किया तो बदमाश ने मारपीट शुरू कर दी। मनीष का भाई पीछे आ रहा था, उसने मनीष के साथ मारपीट होती देखी तो बचाने पहुंचा।

1 6 9

---

लोडिंग वाहन के साथ 70 लीटर कच्ची शराब के साथ हिरासत में आये 2 आरोपी

# बाड़े में बांधकर रखी थी चोरी की गई मुर्रा भैंस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

लोडिंग वाहन से अवैध शराब का परिवहन करने की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर 2 युवकों को हिरासत में लिया तो उनसे पूछताछ में 17 दिन पहले चोरी की गई दो मुर्रा भैंस का खुलासा हो गया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर घर के पीछे बाड़े में बांधकर रखी ढाई लाख कीमत की भैंस बरामद की है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 24 जून को ग्राम कमठाना में रहने वाले प्रकाश पिता अमृतलाल पाटीदार के खेत पर बंधी 2 मुर्रा भैंस चोरी होने का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान लोडिंग वाहन का उपयोग होना पाया गया था, लेकिन वाहन और उसमें सवार बदमाशों का पता नहीं चला था। पुलिस की टीम लगातार बदमाशों का सुराग तलाशने में जुटी थी। इसी बीच रविवार रात खबर मिली कि लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 13 झेडएफ 9387 से 2 युवक अवैध शराब का परिवहन करने के लिये निकले है। लोडिंग वाहन की तलाश शुरू की गई और रतलाम-कमठाना मार्ग से उक्त लोडिंग वाहन को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसमें से जहरीली कच्ची शराब की केन बरामद हो गई। लोडिंग में सवार 2 युवकों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई। उनके नाम राहुल पिता नानूलालइ 26 साल और औंकार पिता बेजसिंह चंद्रावत 32 साल निवासी ग्राम बपैया महिदुपररोड सामने आये।



#### दोनों भैंस की कीमत ढाई लाख से ज्यादा

दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 49 (ए) का प्रकरण दर्ज किया गया। 70 लीटर शराब के साथ लोडिंग वाहन जप्त होने पर दोनों से भैंस चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ शुरू की गई। दोनों ने 17 दिन पहले लोडिंग वाहन के माध्यम से खेत में बंधी दो भैंस चोरी करना कबूल करते हुये घर के पीछे बांधकर रखना बताया। सोमवार को थाना प्रभारी चौधरी ने भैंसों की बरामदगी के लिये टीम महिद्पुर रोड ग्राम बपैया भेजी, जहां दोनों की निशानदेही पर ढाई लाख कीमत से अधिक मुर्रा भैंसे जप्त कर भाटपचलाना लाई गई। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब पकड़ने और चोरी की भैंसे बरामद करने में एएसआई शैतानसिंह डिंडोर, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया, पुष्पराजसिंह, आरक्षक विजय जाट, मुकेश गोयल, सुन्दरलाल, सुनील चौधरी, हितेश निम्बोला और टीम का सहयोग रहा। दोनों बदमाशों के खिलाफ पूर्व में अपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाये गये है। उन्हे कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# दहशत फैलाने वाले बदमाश पर महिदपुर पुलिस ने कसा शिकंजा



### 6 माह तक राजस्व सीमा में प्रवेश का प्रतिबंध

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दहशत फैलाने वाले बदमाश की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस ने शिकंजा कंसा और 6 माह के लिये जिले के साथ राजस्व सीमा में प्रवेश नहीं करने का प्रतिबंध लगा दिया। महिदपुर पुलिस ने बदमाश से जिलाबदर का आदेश तामिल कराया और उसे जिले की सीमा से बाहर भेज दिया।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि केसरपुरा गायत्री कालोनी में रहने वाला बदमाश घनश्याम पिता धुलजी प्रजापत 35 साल वर्तमान में महिद्पुर की आदिनाथ कालोनी में रह रहा था। पिछले 16 सालों से वह अपराधिक गतिविधियों में शामिल था, उसके खिलाफ हफ्ता वसूली, जान से मारने की धमकी देने, मारपीट करने और संगीन मामले में कई अपराध दर्ज हो चुके थे। उसकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी, बावजूद उसके आचरण में सुधार नहीं आ रहा था। बदमाश के आतंक से क्षेत्र की आमजनता भयभीत थी और उसके खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कराने के साथ कोर्ट में गवाही देने से भी डर रही थी। बदमाश की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये बदमाश का जिलाबदर प्रकरण तैयार कर पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जिला दंडाधिकारी को भेजा गया। जहां से बदमाश को जिलाबदर करने के आदेश जारी होते ही महिदुपर पुलिस की टीम उसके घर पहुंची और आदेश की तामिली कराने के बाद उसे उज्जैन जिले के साथ सीमावर्ती जिले देवास, शाजापुर, इन्दौर, रतलाम, मंदसौर, धार और आगर मालवा की राजस्व सीमाओं में प्रवेश नहीं करने की जनकारी देकर उसे बाहर कर दिया गया। बदमाश को हिदायत दी गई है कि अगर 6 माह तक वह सीमावर्ती इलाके में दिखाई दिया तो उसके खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम की कार्रवाई की जायेगी।

# घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने वाला पकड़ाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



घर में घुसकर महिला से जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया,जहां से जेल भेजा गया है। इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि कस्बे में रहने वाली महिला ने रविवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह किराये से रहती है। उसके घर में नीलगंगा चौराहा उज्जैन का रहने वाला अर्जुन पिता नरेन्द्र घुसा और जबरन गलत काम किया। मामला महिला के साथ गलत काम का होने पर तत्काल प्रकरण दर्ज किया गया और आरोपी की तलाश शुरू की गई। जिसे 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि महिला पूर्व में उज्जैन निवासी थी, उस दौरान आरोपी से उसका परिचय हुआ था। पूर्व में भी आरोपी ने उसके साथ गलत करने का प्रयास किया था। उस दौरान महिला ने नीलगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, सालभर पहले महिला इंगोरिया रहने आ गई थी, जहां आरोपी ने पहुंचकर जबरन उसके साथ गलत काम किया है।

5 दमकल, 28 टैंकर पानी से पाया काबू

# ज्वालामुखी जैसा ददहकता दिखा बारदान गोदाम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



बड़नगर तहसील के उज्जैन मार्ग रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार-सोमवार रात बारदान गोदाम में आग लग गई। गोदाम में बारदान के साथ प्लास्टिक भरा होने पर ज्वालामुखी जैसी ददहक दिखाई दी। आग पर काबू पाने के लिये चार स्थानों की 5 दमकले और 28 पानी के टैंकर पहुंचे। घटनाक्रम के बाद करोड़ों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

बड़नगर थाना क्षेत्र के उज्जैन मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास विक्रम ट्रेडिंग कंपनी का बारदान गोदाम बना हुआ है। रात में अचानक गोदाम में आग लग गई। तड़के पुलिस और आसपास के लोगों को खबर मिली तो थाना प्रभारी कमलेश सिंगार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गोदाम के चारों ओर धुआं उठ रहा था। आगजनी की सूचना दमकल विभाग को दी गई। गोदाम संचालक नरपतसिंह भी मौके पर आ गया था। बड़नगर की दमकल पहुंची और गोदाम का दरवाजा तोड़ा गया, आग ज्वालामुखी जैसी ददहक रही थी, जिसका विकराल रूप दिखाई देने पर खाचरौद, बदनावर और उजैन से भी पांच दमकले और टैंकर आग पर काबू पाने के लिये पहुंच गये। गोदाम में बारदान के साथ प्लास्टिक रखा था, जिसके चलते आग पर काबू पाने के लिये घंटो मशक्कत करना पड़ी। करीब 28 टैंकर के साथ पांच दमकल पानी बहाने के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। लेकिन गोदाम में रखे बारदान राख बन चुके थे। गोदाम संचालक नरपतसिंह ने बताया कि करीब सवा करोड़ का नुकसान हुआ है। आग लगने की वजह तो पता नहीं है लेकिन शार्ट सर्किट की आशंका है। मामले में थाना प्रभारी सिंगार का कहना था कि उन्हे सुबह 6 बजे के लगभग खबर मिली थी। आग पर काबू पाये जाने के बाद पुलिस टीम मौके से वापस लौटी, लेकिन सोमवार रात तक आगजनी की शिकायत दर्ज कराने के लिये गोदाम संचालक थाने नहीं आया था। शिकायत मिलने के बाद आगजनी की जांच शुरू की जायेगी। गोदाम के अंदर आग काफी विकराल दिखाई दे रही थी। गनीमत रही कि रात का समय था जिसके चलते कोई जनहानि सामने नहीं आई है।

### डीजीपी कैलाश मकवाना की माताजी गंगादेवी का निधन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना की 86 वर्षीय माताजी गंगादेवी मकवाना का सोमवार, 13 जुलाई 2026 को सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उज्जैन में किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। गंगादेवी मकवाना के निधन की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। डीजीपी कैलाश मकवाना तत्काल भोपाल से अपने पैतृक निवास 53, राजस्व कॉलोनी, फ्रीगंज, उज्जैन पहुंचे। सोमवार को सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक उनके निवास पर अंतिम दर्शन हुए। दोपहर 12 बजे अंतिम यात्रा निकाली गई और करीब 12:30 बजे चक्रतीर्थ मोक्षधाम, उज्जैन में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

# अत्याधुनिक एमडी निर्माण लैब का भंडाफोड़ किया

### उज्जैन और जोधपुर में गिरफ्त में आये मुख्य साजिशकर्ता

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अंतरराज्यीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की मध्यप्रदेश इकाई ने महाराष्ट्र के पूणे में एमडी बनाने वाली अवैध प्रयोगशाला का पदार्फाश किया। ऑपरेशन वज्र में गिरोह के दो प्रमुख साजिशकताओं को उज्जैन (मध्य प्रदेश) और जोधपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सीबीएन, नीमच के उप नारकोटिक्स आयुक्त कार्यालय की प्रिवेंटिव शाखा द्वारा ठोस खुफिया सूचना के आधार पर की गई।

1 जुलाई से 10 जुलाई 2026 के बीच जांच और समन्वित अभियान चलाया गया। इस दौरान सीबीएन अधिकारियों ने पूणे में अवैध एमडी निर्माण की एक हाई-टेक लैब का पता लगाते हुए वहां से उन्नत मशीनरी, प्रयोगशाला उपकरण, प्रीकर्सर रसायन तथा सिंथेटिक ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए। इस मामले में दो आरोपियों, जिनमें मुख्य साजिशकर्ता भी शामिल हैं, को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई फरवरी 2026 में शुरू हुई जांच की अगली कड़ी है। जब सीबीएन नीमच ने मंदसौर में एक यात्री बस को रोककर 8.17 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया था। इसके बाद की तलाशी में महू के थावलाय क्षेत्र में एक अवैध प्रयोगशाला का पता चला, जहां से 43.82 किलोग्राम मेफेड्रोन, 261.32 किलोग्राम प्रीकर्सर रसायन और आधुनिक निर्माण उपकरण जब्त किए गए।

लगातार खुफिया निगरानी और व्यापक अंतर्राज्यीय जांच के आधार पर प्रिवेंटिव टीम ने फरार मास्टरमाइंड का पीछा किया, जो फर्जी पहचान पत्रों के सहारे कई राज्यों में ठिकाने बदल रहा था। गहन गुप्त अभियान के बाद 3 जुलाई 2026 की देर रात उज्जैन में उसे मध्यप्रदेश पुलिस के सहयोग से पकड़ लिया गया। विस्तृत जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह ने पूणे के भोसरी स्थित डिग्गी इलाके में एक और उन्नत एमडी निर्माण इकाई खड़ी की थी, जिसकी फंडिंग और समन्वय जोधपुर स्थित एक सह-साजिशकर्ता द्वारा किया जा रहा था। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीबीएन की टीमों ने 9 जुलाई 2026 की देर रात पुणे और जोधपुर में एक साथ छापेमारी की, जिसमें दूसरे साजिशकर्ता को गिरफ्तार किया गया और गुप्त प्रयोगशाला को ध्वस्त कर दिया गया। इस अभियान में उन्नत डिजिटल मशीनें, लैब उपकरण, भारी कांच सामग्री, प्रीकर्सर रसायन और सुरक्षा सामग्री जब्त की गई। ऑपरेशन वज्र की सफलता सीबीएन अधिकारियों की उच्च स्तरीय पेशेवर क्षमता, खुफिया-आधारित जांच और निर्बाध अंतरराज्यीय समन्वय को दर्शाती है। जब्त की गई सभी मशीनरी, उपकरण और रसायनों को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत कब्जे में लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# करोड़ों के मोबाइल चुराने वालों ने लगाई थी फर्जी नम्बर प्लेट

ग्वालियर पहुंची उज्जैन पुलिस का व्यापारी से हुआ सामना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

2 दुकानों का शटर उचकाकर करोड़ों के मोबाइल चोरी करने वाले बदमाशों ने कार पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई थी। नम्बर ट्रेस होने पर पुलिस ग्वालियर पहुंची तो व्यापारी से सामना हुआ। जिसकी कार का नम्बर बदमाशों ने उपयोग किया था।

माधवनगर थाना क्षेत्र के फ्रीगंज में शुक्रवार-शनिवार रात चार बदमाशों ने एएस मोबाइल और हाई च्वाइस मोबाइल का शटर उचकाकर करीब सवा करोड़ के मोबाइल चोरी कर लिये थे। वारदात सामने आने के बाद पुलिस ने कैमरों के फुटेज खंगाले थे। चार बदमाश कार से आना सामने आये थे। पुलिस ने कैमरों की मदद से कार का नम्बर ट्रेस किया और एक टीम सोमवार को ग्वालियर पहुंची। जहां उक्त नम्बर की कार मालिक व्यापारी होना सामने आया। कार का नम्बर तो सही था लेकिन मॉडल अलग था। जिससे साफ हो गया है कि बदमाश काफी शातिर और पेशेवर थे। उन्होने व्यापारी की कार का उपयोग कर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया है। वारदात के बाद फुटेज में पुलिस को बदमाशों की कार के आगे और पीछे 2 अलग-अलग कार भी चलती दिखाई थी, पुलिस उन कारों का पता लगाने का प्रयास भी कर रही है। फिलहाल 3 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस को बदमाशों का सुराग नहीं मिला है, बावजूद सरगर्मी से तलाश जारी है।

### चोरी की कार से हुई थी सिगरेट चोरी

एक माह पहले भी माधवनगर थाना क्षेत्र के दशहरा मैदान में बदमाशों ने महेश्वरी एजेंसी पर धावा बोला था और लाखों की सिगरेट चोरी कर भाग निकले थे। पुलिस ने उस वक्त भी फुटेज खंगाले थे, बदमाश कार से आये थे, लेकिन कार ट्रेस करने पर चोरी होना सामने आई थी। उक्त वारदात में अब तक बदमाशों का पता नहीं चल पाया है। पिछले कुछ महिनों से बदमाशों ने चोरी में चार पहिया वाहन का उपयोग शुरू कर दिया है। बदमाश कभी चोरी की गाड़ी से आते है तो कभी नम्बर प्लेट फर्जी लगाते है।

# उज्जैन सेंट्रल जेल में 'आपके आ जाने से... गाने पर डांस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन की केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में जेल अधीक्षक के जन्मदिन पर जेल परिसर के भीतर आयोजित बर्थडे पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में डिप्टी जेलर समेत कई जेलकर्मी फिल्म अभिनेता गोविंदा के गाने पर थिरकते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, यह पूरा घटनाक्रम 9 जुलाई का बताया जा रहा है। उस दिन केंद्रीय जेल भैरवगढ़ के जेल अधीक्षक मनोज साहू का जन्मदिन था। जन्मदिन को खास बनाने के लिए जेल परिसर के भीतर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान डिप्टी जेलर सुरेश गोयल वर्दी में फिल्मी धुन पर जेल के सुरक्षाकर्मियों और अन्य अधिकारियों के साथ जश्न मनाते दिखाई दिए। वीडियो में जेल अधीक्षक के लिए केक काटने के साथ ऑर्केस्ट्रा की भी व्यवस्था नजर आ रही है। मंच पर जेल अधीक्षक के साथ अन्य लोग भी मौजूद दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो में डिप्टी जेलर सुरेश गोयल फिल्म अभिनेता गोविंदा के लोकप्रिय गीत 'आपके आ जाने सेङ्क' पर फिल्मी अंदाज में डांस करते नजर आ रहे हैं। उनके साथ अन्य कर्मचारी भी नाचते दिखाई दे रहे हैं।

मामले में डिप्टी जेलर सुरेश गोयल का कहना है कि बड़े साहब के जन्मदिन पर दिनभर के कामकाज की थकान और तनाव दूर करने के लिए जेल प्रहरियों के साथ डांस किया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com